एक नजर में

नौतपा में जमकर बारिश

घट्टिया । नौतपा लगते ही शुरू हुआ बारिश के दौर मे मंगलवार को भी दिनभर उमस भरी तेज गर्मी के बाद शाम 4 बजे घने काले बादल छाए व बादलों की गड़गड़ाहट के साथ ही जमकर बारिश हुई जिससे सड़कों पर पानी बह निकला ।

जन्म कल्याणक पर्व जीवदया के रूप में मनाया

महिदपुर। करुणा सागर, करुणा निधान, जीवदया प्रतिपालक, सुख-शांति-समृद्धि दायक 16 वे तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का जन्म कल्याणक दिवस जीवदया के अनुकरणीय कार्य के रूप में व्यवस्थापक श्री राजेंद्र सूरी महिला मंडल के द्वारा जीवदया की पेटी से पुण्यशाली श्रावक एवं श्राविकाओं से प्राप्त नगद राशि से जीवदया का पुण्य कार्य श्री गोपाल गौशाला झारडा कटन पर श्री आदिनाथ ग्रुप के माध्यम से गौ माता को सर्वप्रथम महामंत्र नवकार सुनाकर पशु आहार -हरा चारा-गेहूं की रोटी -जलेबी-तरबूज -केला- खरबूजा गिलकी ककड़ी से आहार कराया गया एवं श्वानों को रोटी बिस्कुट से आहार कराया गया। इस पुनीत दिवस की श्री आदिनाथ ग्रुप के चमन सोनी के द्वारा सभी समाज जनों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि आज जो पुण्यशाली लाभार्थी परिवार के द्वारा गौ सेवा का लाभ लिया गया उसकी आदिनाथ ग्रुप की ओर से बहुत-बहुत अनुमोदना करते है। इस अवसर पर संजय सोनगरा, डॉ. विमल पाठक, निलेश बच्छावत, संदीप सेठिया, प्रणय सोगानी, प्रबल लुणावत, नीरज आदि उपस्थित थे।

मेजर बनकर मोनिका ने महिदपुर का नाम संपूर्ण भारत में गौरवांवित किया : गौतम

महिदपुर। महिदपुर नगर यूं तो कृष्ण सुदामा की स्थली के साथ गणेश जी और हनुमान मंदिर के लिए भी जाना जाता है। वहीं सामाजिक हो या धार्मिक कार्यक्रम सभी में नगर के लोग बढ़चढ़कर हिस्सेदारी कर इसे गौरवांवित करते हैं। वहीं यहां के बच्चे भी इसे गौरवांवित करने में पीछे नहीं हटते ऐसी ही एक बेटी जिसका कि पूर्व एसएससी जीडी के रूप में चयन हुआ था। उसके बाद उसने अपनी कड़ी मेहनत और कुशलता से जल्दी प्रमोशन लेकर मेजर के रूप में पदस्थ करके शहर का नाम रोशन कर दिया। इस उपलब्धि को लेकर जहां शहर में सभी हर्षित हैं तो फिर सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इससे पीछे क्यों हटते उन्होंने भी अपनी खुशी को जाहिर करते हुए बेटी का सम्मान किया और हर्ष व्यक्त किया।

हम बात कर रहे हैं मोनिका कुमरावत की जो मेजर बनकर अभी नगर में आयी हुई हैं। जिनका स्वागत सत्कार करने सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय सिंह गौतम उनके घर पहुंचे और अपनी खुशी जाहिर की। आपने बताया कि मेरी लिए सौभाग्य की बात है कि मोनिका कुमरावत ने रांची झारखंड में सेंट्रल रिजर्व फोर्स में मेजर बनी है। इस बेटी ने पूरे भारत में महिदपुर नाम गौरवांवित किया है। मैं मोनिका कुमरावत के माता पिता का प्रणाम करता हूं और बेटी को आशीर्वाद प्रदान करता हूं। यह बेटी आगे भारत का नाम भी रोशन करेगी। मोनिका ने कुमरावत परिवार के साथ महिदपुर और संपूर्ण भारत का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मोनिका ने खास कर उनका लड़कियों के लिए कहा जो कि इसी फील्ड में जाना चाहती हैं। तो बहनों रूढ़िवादी सोच से आगे चलकर मेहनत लगन से पढ़ाई कर आगे बढ़ें और अपने माता पिता का नाम रोशन करें।

पुण्यतिथि पर अपंग सेवाश्रम में सेवा कार्य

उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन में सामाजिक सेवा की प्रेरणादायी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वैद्य अब्दुल सत्तार खान एवं इस्लामी बेगम की पुण्यतिथि पर मंगलवार को महाकाल मंदिर के समीप स्थित अपंग सेवाश्रम में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को फल व बिस्किट वितरित कर उन्हें प्रेमपूर्वक सेवा अर्पित की गई। पुण्यतिथि के इस अवसर पर खान परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्माओं की स्मृति में यह सेवाकार्य किया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार दारा खान तथा विद्युत ठेकेदार सिकंदर खान के माता-पिता की स्मृति में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में समाजसेवी पत्रकार दिवाकर उपाध्याय सहित अमन खान, ईशान खान, अर्श खान सहित पूरे खान परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

कर सलाहकार संघ उज्जैन के वार्षिक चुनाव

उज्जैन। कर सलाहकार संघ उज्जैन के वर्ष 2025-26 के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें संस्था के अध्यक्ष के रूप में सीए निलेश अग्रवाल, सचिव एडवोकेट प्रसून भवालकर एवं कोषाध्यक्ष कर सलाहकार प्रमोद जैन को सर्वसम्मती से निर्वाचित किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष के रूप में एडवोकेट अमोल जोशी एवं सहसचिव एडवोकेट जितेन्द्र चौहान का निर्वाचन किया गया। उपरोक्त जानकारी संस्था के सचिव प्रसून भवालकर द्वारा दी गई।

व्यापारी मोहन लाल पंवार का निधन

माकड़ौन। नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी मोहनलाल पंवार का सोमवार प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। कपड़ा बाजार, सराफा बाजार और सुभाष चौक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सराफा बाजार की दुकानें बंद रहीं। पुत्र नरेंद्र, महेन्द्र व प्रदीप ने मुखाग्नि दी।

80 लोगों द्वारा थायरॉइड शिविर में लाभ प्राप्त किया

उज्जैन। जीवनदीप परिवार द्वारा वर्ल्ड थायरॉइड डे पर 80 लोगों ने थायरॉइड की जांच करवा कर स्वास्थ्य जागरूकता का परिचय दिया। जीवनदीप सेंटर खाराकुआं पर आम दिनो में भी काफी रियायती शुल्क में ब्लड की सभी प्रकार की जांच की जाती है। इस अवसर पर जीवनदीप परिवार के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी महिलाविंग प्रमुख श्वेता चौपड़ा ने दी।

भाविप महाकाल शाखा का हुआ दायित्व ग्रहण समारोह

उज्जैन। भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिम प्रांत महाकाल शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें वर्ष 2025-26 के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहन राजवानी, सचिव मोहन सिंह हिंगोले, कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र वेद सहित संपूर्ण कार्यकारिणी ने संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की शपथ ली।

शाखा संस्थापक दीपक राजवानी ने बताया कि शपथ अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल ने सभी पदाधिकारी को दायित्व ग्रहण कराया एवं नए सदस्यों को वर्तमान अध्यक्ष मोहन राजवानी ने दायित्व ग्रहण कराया।

मुख्य अतिथि डॉ. माला सिंह ठाकुर समाज सेविका, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल रहे। अध्यक्षता सुनील कोठारी रीजनल अध्यक्ष, सेंट्रल रीजन ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदीप चोपड़ा रीजनल प्रोजेक्ट, सेक्रेटरी सेवा, सेंट्रल रीजन रहे। अतिथि विनोद काला प्रांतीय महासचिव, मध्यभारत पश्चिम प्रांत थे। सम्राट विक्रमादित्य भवन, विद्याभारती परिसर, चिंतामण रोड़ पर आयोजित कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार गुप्ता थे। संचालन मोहन सिंह हिंगोले, यशी सिंह ने किया।

भारत विकास परिषद् मध्य भारत पश्चिम प्रांत शाखा महाकाल की प्रस्तावित कार्यकारिणी 2025-26 में संरक्षक डॉ. मोहन यादव, संस्थापक सदस्य दीपक राजवानी, राजकुमार गुप्ता, अनिल अग्रवाल, नीला टकसाली, परामर्शदाता प्रकाश गुप्ता, सुमित्रा सोनी, राजेश मजावदीया, अध्यक्ष मोहन राजवानी, उपाध्यक्ष रवींद्र मूले, तुलसीदास राजवानी, रजनी सेठिया, सचिव मोहन सिंह हिंगोले, सह सचिव विनय पोरवाल, गीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कैलाशचन्द्र वेद, सह कोषाध्यक्ष हर्षा शाह, सम्पर्क प्रमुख यशी सिंग, पंकज परमार, संगठन मंत्री अमित घारिया, राजू राजवानी, महिला प्रमुख जया मेहता, महिला सह प्रमुख ज्योति रत्नावत, संगीता पटेल, सेवा प्रमुख रितेश पोरवाल, महेंद्र रावल, संस्कार प्रमुख पं. उपेंद्र त्रिवेदी, सविता गुप्ता, मीडिया प्रमुख धीरज गोमे, अनिता राजवानी, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रीति कनेसरिया, पूजा भुजाड़े, भारत जानो प्रतियोगिता दीपक मोढ़े, भारती तिवारी, समूह गान भालचन्द्र कुलकर्णी, संजय सुगंधी, यात्रा प्रमुख आनंद गेहलोत, पवन त्रिपाठी, स्वास्थ्य चिकित्सा समिति डॉ. पुष्पेंद्र जैन, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. पायल त्रिपाठी, पंकज घाटिया, पर्यावरण प्रमुख दीप्ति काबरा, व्यवस्था प्रमुख अजय सोनी, विजय सोनी, समस्त कार्यकारिणी गोविंद रत्नावत, किरण कुमरावत, डॉ. अनामिका सोनी ललीता परमार, वासुदेव अग्रवाल, गोपाल गोयल, सुशील भटनागर, प्रतिभा पोरवाल, नवीन सदस्य डॉ. दिनेश इंदेरिया, डॉ. पूजा इंदेरिया, रमेश गजरानी, स्वाति गजरानी, प्रकाश राजवानी, ज्योति राजवानी, अतुल पंडित, मनीषा पंडित, मधुकर राव यादव, मेघा यादव, गिरिश भाटी, मोनिका भाटी, सचिन नीमा, संध्या नीमा शामिल है।

जनजातीय व ग्रामीण बच्चों को 15 दिन सिखाया मल्लखंभ, दिया संगीत प्रशिक्षण

माधव सेवा न्यास द्वारा आयोजित शिविर के समापन पर खिलाड़ियों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

उज्जैन। विदिशा पालन सेवा फाउंडेशन के जनजातीय एवं ग्रामीण बच्चों के लिए 15 दिवसीय मल्लखंभ और संगीत प्रशिक्षण माधव सेवा न्यास, उज्जैन द्वारा आयोजित किया गया।

पालन सेवा फ़ाउंडेशन के पराग अग्रवाल ने बताया कि जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनेक बच्चे खेल व संगीत के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते है लेकिन संसाधनो की कमी के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते है।

उनकी इसी कमी को पूरा करने के लिए माधव सेवा न्यास उज्जैन व पालन सेवा फाउंडेशन के माध्यम से विगत 2 वर्षों से माधव सेवा न्यास में 15 दिवसीय मल्लखंभ व संगीत के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें माधव सेवा न्यास द्वारा प्रशिक्षुकों को प्रशिक्षक व आवास की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 19 बच्चों ने सहभागिता की।

शिविर के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर उज्जैन रोशन कुमार सिंह उपस्थित रहे। आपने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए पालन फ़ाउंडेशन व माधव सेवा न्यास की इस पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्ट निर्भय सिंह वर्मा उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक योगेश मालवीय व सजल यादव के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से न्यास कि ओर से सचिव नितिन गरुड़, कोषाध्यक्ष राजेश पाटीदार, न्यासी रितेश सोनी, महाप्रबंधक विजय आँजना व बड़ी संख्या में स्थानीय खिलाड़ी उपस्थित रहें।

खेत में मिली अज्ञात लाश

नवभारत न्यूज

घट्टिया। घट्टिया थाना क्षेत्र अंतर्गत घट्टिया के पास स्थित लवखेड़ी हनुमान मंदिर के आगे खेत में अज्ञात व्यक्ति की लाश (कंकाल) मिली है। जिससे आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई.

थाना प्रभारी डीएल दसोरिया ने बताया कि उज्जैन आगर झालावाड नेशनल हाईवे के समीप खेत पर जीर्ण शीर्ण अवस्था में अज्ञात युवक की लाश मिली है। लाश सड़ी गली होकर सफेद दाढ़ी और हाथों के नाखून बड़े हैं। डीएसपी भारतसिंह यादव सहित घट्टिया थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच में जुटी ।

लायंस क्लब डायमंड द्वारा विक्रम विवि उज्जैन को क्लाइमेट वॉच भेंट

उज्जैन। जलवायु जागरूकता पखवाड़े के द्वितीय दिवस पर लायंस क्लब डायमंड, उज्जैन द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज को एक क्लाइमेट वॉच सौंपी गई।

क्लाइमेट वॉच एक दृश्य उपकरण है जिसे जलवायु परिवर्तन से निपटने की तत्कालिकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रो. भारद्वाज ने अवगत करवाया कि यह आमतौर पर वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए बचे हुए समय की गिनती करता है जो कि पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित लक्ष्य है। उक्त विश्लेषण प्राप्त होने पर समस्त जनों को आज से ही तापमान वृद्धि न होने पाए, पौधारोपण अधिक से अधिक घने जंगलों के विकास के प्रयास, पानी की उपलब्धता, वृक्षों को काटने से रोकना आदि के प्रयास होना आवश्यक है। प्रारंभिक प्रयास वर्तमान समय से किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कुलगुरु द्वारा लायंस क्लब डायमंड के प्रति आभार व्यक्त कर सराहनीय कार्य हेतु साधुवाद दिया। इस अवसर पर रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. उमा शर्मा और विद्यार्थिगण उपस्थित थे। लायंस क्लब ऑफ उज्जैन के कॉर्डिनेटर द्वारा क्लाइमेट वॉच की आवश्यकता एवं भविष्य की जानकारी के बारे में कहा गया। झोन चेयरपर्सन डॉक्टर सत्येंद्र श्रीवास्तवए लायंस के सीईओ डॉक्टर राकेश शर्मा, शिवाय क्लब अध्यक्ष शैलेन्द्र रावल एवं डायमंड क्लब अध्यक्ष प्रदीप निगम द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

प्रशिक्षण दाऊद खेड़ी के सरपंच पुष्पा उदय सिंह कुंवर ने महिलाओं के लिए चलने वाली शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की

नशा मुक्ति की शपथ ली, मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शुभारंभ

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला विकास सामाजिक सरोकार एवं नैत्विक वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय जिला चिकित्सालय के सहयोग से दाउदखेड़ी में महिला एवं किशोरियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवाओं का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कुलगुरू आचार्य अर्पण भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ बालिका समृध्द समाज का निर्माण करती है। आपने बालिकाओं को अपने भविष्य में नई तकनीकी से प्राप्त होने वाले रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की।

आर्थिक सहायता हेतु लोगों को जोड़ने की बात भी कही जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति उपाध्याय ने दिया। समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला महिला एवं किशोरियों के स्वास्थ्य हेतु समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता है। जिला चिकित्सालय की परामर्शदाता डॉ नवनीता तिवारी ने बताया कि ब्लड प्रेशर, शुगर, एचबीएचसीबी, टीवी, एचआईवी की जांच एवं दवाइयों का वितरण एवं परामर्श दिया जाएगा।

नेत्विक वेलफेयर की अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा ने नैतिक वेलफेयर सोसाइटी एवं सामाजिक सरोकार अनुसंधान के द्वारा बालिका एवं किशोरियों के लिए किए जाने वाले कार्यों पर विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. मनीष चौरे ने बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु परामर्श दिया। स्वास्थ्य प्रशिक्षण में दाऊद खेड़ी की 75 महिलाएं एवं 35 बालिकाओं ने भाग लिया। दाऊद खेड़ी में नैतिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षता करते हुए दाऊद खेड़ी के सरपंच पुष्पा उदय सिंह कुंवर ने महिलाओं के लिए चलने वाली शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के डॉ. आदित्य, डॉ. ललित, एलटी बबीता गोहे, आईटी परियोजना, ओएसडी सेक्टर, समग्र विद्वान सीएसई, एसआईटी, परामर्श शामिल हुए। नैत्विक वेलफेयर सोसायटी से समन्वयक रचना, योगेश् चौरामा, राम, प्रजेश एवं समाज शास्त्र अध्ययनशाला से डॉ मनु गोरहा समाजकार्य के विद्यार्थी कृष्णराजसिंह नवीन अवंतिया, तनिष्क चौरसिया, निखिल परिहार, चेतन सिंह, नितेश मोबिया, विनीत पुजारी, दाऊद खेड़ी गांव से उदयकुंवरसिंह, आनंदीलाल चौहान सचिव, जितेंद्रसिंह ठाकुर सहायक सचिव एवं 85 गांव वालों ने भी नशा मुक्ति की शपथ ली। संचालन डॉ. मनीषा चौरे ने किया एवं आभार जिला चिकित्सालय के परामर्शदाता डॉ. नवनीत तिवारी ने माना।

मेहनतकश होते पानी से गोल्ड व चांदी निकालने वाले खिलाड़ी

उज्जैन। खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र में अनुशासन, संयम, मेहनत का त्रिशूल धारण कर सफलता के शिखर पर तिरंगे के मान को फहराने की ताकत रखते है।

यह बात खेल एवं कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन के तत्वावधान में महानंदा नगर तरण ताल पर 40 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर के पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि, राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित, राष्ट्रीय निर्णायक बॉडी बिल्डिंग शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके ने कही। शिविर में 200 से भी अधिक नवीन प्रतिभाओं ने तैराकी के गुरु सीखें। अंतरराष्ट्रीय तैराकी प्रशिक्षक चित्रेश शर्मा, तैराकी के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक हरीश शुक्ला हीरु, अविनाश टाटावत ने प्रतिभाओं को तराशा। अतिथियों ने अभिभावकों से ये विनती भी की कि पढ़ाई और खेल बच्चों के तरक्की के द्वार हैं, इसलिए पढ़ाई के साथ उनके बच्चे की जिस खेल में भी रुचि है, उसे उससे जोड़े रखे। चीफ कोच बास्केटबॉल ऋषु शर्मा, इंदौर बास्केट बाल टीम की कोच ज्योति शर्मा ने भी संबोधित किया। बच्चों को तैराकी के गुर सिखाने वाली टीम के दिलीप तोमर, नैतिक बारोड़, वीरप्रताप सिंह, मानस विश्वकर्मा, उत्मेश जोशी, रेयांस रायपुरिया, अमृता जादौन, जन्मजय मेनिया, विशाल जादौन, गीता बंसल, गीता रायपुरिया, अनन्या पचौरी, अपूर्वा गुप्ता, सुहानी श्रीवास्तव, हर्ष गोहिल व सौम्या रामी भी मौजूद रहे। संचालन पूर्व पार्षद ओम अग्रवाल ने किया। आभार प्रशिक्षक शुक्ला ने माना।